# AI संचालित यूपी स्किल गैप डैशबोर्ड

## चर्चा में क्यों?

[उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन](UPSDM) (UPSDM) ने राज्य में रोज़गार-क्षमता बढ़ाने हेतु **AI संचालित यूपी स्किल गैप डैशबोर्ड** नामक एक अभिनव उपकरण की शुरुआत की है।

## मुख्य बिंदु

- **डैशबोर्ड के बारे में:**
  - यह पहली बार है जब उत्तर प्रदेश में **ज़िलावार कौशल आवश्यकताओं का आकलन** करने के लिये AI का उपयोग किया जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर सृजित करने में सहायता मिलेगी।
- **विशेषताएँ:**
  - **AI और डेटा एनालिटिक्स एकीकरण:** डैशबोर्ड ज़िला-विशिष्ट क्षेत्रों और रोज़गार डेटा का विश्लेषण करने के लिये उन्नत **मशीन लर्निंग एल्गोरिदम** **तथा डेटा एनालिटिक्स** का उपयोग करता है।
    - यह प्रमुख क्षेत्रों और उद्योगों के लिये ज़िलावार आँकड़े प्राप्त करता है तथा प्रशिक्षण भागीदारों से व्यापार-विशिष्ट मांगें भी प्राप्त करता है।
  - **ज़िला-विशिष्ट कौशल मूल्यांकन:** यह विभिन्न ज़िलों में **कौशल** **अंतराल की पहचान करने में** मदद करता है तथा एक व्यापक कौशल मूल्यांकन प्रदान करता है।
    - यह प्रत्येक ज़िले में क्षेत्र-विशिष्ट विकास और रोज़गार आवश्यकताओं के आधार पर आवश्यक प्रशिक्षण की सिफारिश करता है।
- **लाभ:**
  - **ज़िला स्तरीय कौशल विकास:** डैशबोर्ड वैज्ञानिक विश्लेषण के माध्यम से उन क्षेत्रों की पहचान करता है जहाँ प्रशिक्षित जनशक्ति की ज़रूरत है।
    - इससे स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर प्रशिक्षण लक्ष्यों का बेहतर आवंटन संभव होगा और प्रत्येक ज़िले में रोज़गार-क्षमता में वृद्धि होगी।
  - **नौकरी छोड़ने की प्रवृत्ति में कमी:** स्थानीय रोज़गार बाज़ार से प्रशिक्षण को संरेखित कर यह सुनिश्चित किया जाता है कि उम्मीदवारों को अन्य ज़िलों में नौकरी खोजने के लिये पलायन न करना पड़े।
  - **प्रशिक्षण भागीदार के रूप में उद्योगों की भागीदारी:** पहली बार **कौशल विकास** प्रक्रिया में उद्योगों को प्रशिक्षण भागीदार के रूप में शामिल किया गया है।
    - अब 45 से अधिक उद्योग, उद्योग-विशिष्ट प्रशिक्षण प्रयासों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।
  - **प्रशिक्षण लक्ष्य आवंटन के लिये AI संचालित अंतर्दृष्टि:** डैशबोर्ड क्षेत्रवार प्रशिक्षण लक्ष्यों को प्रोजेक्ट करने के लिये वास्तविक समय डेटा स्क्रैपिंग और प्राथमिक अनुसंधान का उपयोग करता है।
    - शीर्ष प्रदर्शन करने वाले भागीदारों को प्रशिक्षण लक्ष्य आवंटित किये जाते हैं जिससे यह सुनिश्चित होता है कि अभ्यर्थियों को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण प्रदान किया जाए।
  - **प्रशिक्षण साझेदार मूल्यांकन:** प्रशिक्षण साझेदारों का मूल्यांकन प्रशिक्षण और प्लेसमेंट में उनके पिछले प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है।
    - यह प्रत्येक ज़िले में शीर्ष उद्योगों, नौकरी भूमिकाओं और कौशल अंतराल का मानचित्रण करता है जिससे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिये सटीक तथा अद्यतन जानकारी सुनिश्चित होती है।
- **एकीकरण:**
  - यह प्रणाली UPSDM के लिये **इंटरैक्टिव समर्थन** प्रदान करने के लिये **लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) संचालित** **चैटबॉट** के साथ एकीकृत किया गया है।
    - AI आधारित उपकरण वास्तविक समय सहायता प्रदान करता है, प्रक्रिया के माध्यम से उपयोगकर्त्ताओं का मार्गदर्शन करता है और प्रशिक्षण व रोज़गार से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ai-powered-up-skill-gap-dashboard